अनुक्रमांक ..........................

कूट सं. : 820121.2(M) - $SA_2$

**कक्षा - आठवीं**

# हिंदी (LOWER)

**(संकलनात्मक मूल्यांकन - II)**

| |
|---|
| कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं और कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं। |

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 80

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं - 'क' और 'ख'।
3. प्रश्न के सभी भागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में है।

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए :- 1

(क) सुजान (ख) मिठास (ग) पुस्तक (घ) मेला

2. निम्नलिखित शब्दों में से प्रश्नवाचक सर्वनाम छाँटकर लिखिए :- 1

(क) हम (ख) जो-सो (ग) कौन (घ) कोई

3. निम्नलिखित शब्दों में से सही बिंदु वाला शब्द छाँटकर लिखिए :- 1

(क) रंग (ख) हसं (ग) पंतग (घ) वशं

4. निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए :- 1

शहर में धनी व्यापारी रहते हैं।

5. (क) निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण शब्द छाँटकर भेद का नाम लिखिए :- 2

छोटा बालक रो रहा है।

(ख) निम्नलिखित में से क्रिया छाँटकर उसका भेद लिखिए :- 2

धोबी कपड़े धो रहा है।

6. दिए गए शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए :- 1

जंगल -

(क) पेड़ (ख) लता (ग) पुष्प (घ) कानन

7. दिए गए शब्द का सही विपरीत शब्द छाँटकर लिखिए :- 1

अमृत -

(क) शहद (ख) विष (ग) घृत (घ) दही

8. (क) निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए :- 1

अपाहिज, आपाहिज, अपाहीज

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए :- 1

(I) **मैं बस पर दिल्ली आया।**

(II) **रमन धोकर फल खिलाएँ।**

9. (क) सही शब्द के सामने सही विराम चिह्न छाँटकर लिखिए - 1

| | | |
|---|---|---|
| पूर्ण विराम | - | ? |
| विस्मयादि बोधक | - | , |
| प्रश्न वाचक | - | ! |
| उद्धरण चिह्न | - | " " |

(ख) निम्न वाक्य पढ़कर सही विराम चिह्न लगाइए :- 1

क्या आप खाना खा चुके

10. उचित स्थान पर 'र' का प्रयोग करके शब्द लिखिए - 1

(क) वष (ख) कम

11. निम्न मुहावरों का अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए :- 2

(क) हवा से बातें करना (ख) फूला न समाना

12. वाक्यांश के लिए उचित शब्द छाँटकर लिखिए - 1

सप्ताह में एक बार होने वाला -

पाक्षिक, मासिक, साप्ताहिक

13. (क) निम्न शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नया शब्द लिखिए :- 1

(I) दान (I) शेष

(ख) निम्न शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नया शब्द लिखिए :- 1

(I) रंग (II) सज

14. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करके उनकी अर्थ-भिन्नता को स्पष्ट कीजिए :- 2

(क) ओर-और (ख) प्रसाद-प्रासाद

15. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व सर्वाधिक है। विद्यार्थियों का जीवन ज्ञान प्राप्त करने और अध्ययन करने का जीवन होता है। इसके लिए विद्यार्थियों को दो बातों की ओर विशेष ध्यान देना होता है। पहली बात मन को केन्द्रित रखना और दूसरी बात शिक्षण संस्था के नियमों पर चलना। ये दोनों बातें अनुशासन से ही पूरी हो सकती हैं। अनुशासन में ही शक्ति है जो विद्यार्थियों के मन को केन्द्रिंत रख सकती है और उन्हें शिक्षण संस्था के नियमों पर चला सकती है। इसी के बल पर वे सफलता के चरण छू सकते हैं, जो उनका लक्ष्य है।

(1) विद्यार्थी जीवन में किस चीज़ का सर्वाधिक महत्व है? 1

(2) विद्यार्थियों को किन बातों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए? 1

(3) मन को केंद्रित रखने के लिए विद्यार्थियों को किस चीज की आवश्यकता होती है? 1

(4) अनुशासन के बल पर छात्र क्या कर सकता है? 1

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए :- 5

(क) यदि मैं पक्षी होता
(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य
(ग) खेलों का महत्व
(घ) मेरा विद्यालय

17. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई-पत्र लिखिए। 4

<u>अथवा</u>

पुस्तक-विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए।

## खंड - 'ख'

18. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4

सूरज फिर से थोड़ा तपता
गरमाहट से जाड़ा भगता
पीले पेड़ पुराने पत्ते
झड़े नए अब पुन: निकलते
ऋतु बसंत की अगवानी में, पेड़ नए परिधान पहनते।

(क) जाड़ा कौन भगाता है?

(ख) किस ऋतु में पुराने पत्ते झड़कर नए पत्ते निकलते हैं?

(ग) बसंत ऋतु की अगवानी के लिए पेड़ क्या करते हैं?

(घ) पेड़ किसका स्वागत करते हैं?

19. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- 2

(क) सोनाली .................................. के पीछे छिप गई।

(ख) .................................. मीठी वाणी के मोल बताती है।

20. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य प्रयोग कीजिए :- 3

वाहन, भेंट, आक्रमण

21. नीचे एक ही वाक्य को 'क' और 'ख' दो खंडों में दिया गया है। दोनों खंडों का सही मिलान कीजिए :- 4

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (क) दादाजी बच्चों को | सुनाती कोयल |
| (ख) मीठे गीत | देखकर बहुत खुश हुए। |
| (ग) तब तो गुरु जी, | परेशान हो गई। |
| (घ) इससे अंग्रेजी सरकार | हम अभी फाँसी चढ़ेंगे। |

22. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर <u>एक शब्द</u> में दीजिए :- 5

(क) अजंता की गुफाएँ किसने बनवाईं?

(ख) दादी किसे कहानियाँ सुनाती थी?

(ग) बाबा भारती के घोड़े को कौन ले गया था?

(घ) अंधेर नगरी में हर सामान कितने में मिलता था?

(ङ) सरस्वती की पूजा कब की जाती है?

23. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :- 8

(क) मुंडा कौन हैं? वे कहाँ रहते थे?

(ख) अजंता की गुफाओं में बने चित्रों का मुख्य विषय क्या है?

(ग) पंडितजी ने ऐसा क्यों कहा कि होगा किसी खाई-खड्डे में?

(घ) अपाहिज ने बाबा भारती से क्या विनती की?

(ङ) सिपाही गोवर्धनदास को क्यों पकड़ लेते हैं?

24. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए :- 12

(क) मुंडा आदिवासी जंगलों की रक्षा कैसे करते थे?

(ख) बाबा भारती खड्गसिंह के जाने के बाद क्यों डर गए?

(ग) चीन के राजा ने सैनिकों की भर्ती क्यों शुरू कर दी?

(घ) बच्चे मामाजी के घर क्यों जाना चाहते थे?

25. निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प छाँटकर उत्तर दीजिए :- 7

(क) अजंता की गुफाएँ किस स्थान पर हैं?
महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार।

(ख) किसका गधा खो गया था?
कुम्हार का, सुनार का, लोहार का, सिपाही का।

(ग) 'बिरसा विद्रोह' किस नाम से जाना जाता है?
किसान विद्रोह, मुंडा विद्रोह, श्रमिक विद्रोह, सेना विद्रोह

(घ) दादा जी को क्या बहुत पसंद था?
सेब, संतरा, अनार, अखरोट।

(ङ) बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?
सुल्तान, मस्तान, खड्ग सिंह, हीरामन।

(च) सरस्वती का वाहन क्या है?
चूहा, हंस, सिंह, हाथी।

(छ) चीन का राजा कैसा था?
दयालु, निर्दयी, जादूगर, चौपट।